जिम में वेट ट्रेनिंग करने से उन्हें बड़े शॉट्स खेलने की स्ट्रेंथ मिली। साथ ही उन्होंने आखिरी के ओवर्स में दिमाग को कूल रखकर बैटिंग करने की अपनी क्षमता का श्रेय को दिया है।
- रिंकू सिंह

भारतीय बल्लेबाज, अपनी बल्लेबाजी के बारे में बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

मुकेश कुमार

भारत ने ऑस्ट्रेलिया को रोमांचक 5वें टी-20 मुकाबले में 6 रन से हरा दिया। बेंगलुरु में टीम इंडिया के अर्शदीप सिंह ने आखिरी 6 गेंदों पर 10 रन डिफेंड किया। उन्होंने शुरुआती 3 गेंदों पर कोई रन नहीं दिया और कप्तान मैथ्यू वेड का विकेट भी लिया। टीम आखिरी ओवर में 3 रन ही बना सकी। भारत के लिए मुकेश कुमार ने 3 विकेट लिए। जबकि अर्शदीप सिंह और रवि बिश्नोई को 2-2 विकेट मिले। श्रेयस अय्यर ने 53 रन बनाए। 5वें टी-20 में जीत के साथ टीम इंडिया सीरीज 4-1 के अंतर से अपने नाम कर ली। चिन्नास्वामी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी।

क्या आप जानते हैं ?... क्रिकेट इतिहास के 1877 में सबसे पहले टैस्ट में खेलने वाले एडवर्ड ग्रेगरी, उनके पुत्र सिड ग्रेगरी और उनके भतीजे जैक ग्रेगरी ने अपने टैस्ट जीवन की शुरुआत शून्य (0) से की।

आईपीएल 2024 मिनी ऑक्शन 19 दिसंबर को दुबई में होगा

1166 प्लेयर्स ने कराया है रजिस्ट्रेश, 25 की बेस प्राइस 2 करोड़

मुंबई, 3 दिसम्बर। आईपीएल 2024 की नीलामी 19 दिसंबर को दुबई में होगी। ऐसा पहली बार होगा, जब का ऑक्शन देश से बाहर हो रहा है। प्रशासन ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया पर दी है। इस बार पिछले साल की तुलना में टीमों के पास खिलाड़ियों को खरीदने के लिए 5 करोड़ रुपये ज्यादा होंगे। पिछले सीजन में फ्रेंचाइजी के पास टीम के लिए 95 करोड़ रुपये की राशि निर्धारित की गई थी। इस बार टीम तैयार करने के लिए 100 करोड़ रुपये निर्धारित की गई है। साथ ही टीमों के पास पिछले सीजन यानी 2023 की बची हुई राशि भी होगी। ऑक्शन के लिए 1166 प्लेयर्स ने रजिस्ट्रेशन कराया है। इनमें 830 भारतीय और 336 विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं। विदेशी खिलाड़ियों में इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने नाम नहीं दिया। मिचेल स्टार्क, पैट कमिंस, ट्रैविस हेड, जेराल्ड कूट्जी और रचिन रवींद्र जैसे खिलाड़ी बड़े

विदेशी खिलाड़ी ऑक्शन में उतरेंगे। भारतीय खिलाड़ियों में हर्षल पटेल, शार्दूल ठाकुर, उमेश यादव और जयदेव उनादकट जैसे बड़े नाम शामिल हैं। इनकी कीमत 10 करोड़ रुपए के पार जा सकती है। टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली 10 टीमों ने अपने ज्यादातर खिलाड़ियों को रिटेन कर लिया है। इसलिए ज्यादा से ज्यादा 77 खिलाड़ी ही खरीदे जा सकेंगे, जिनमें 30 विदेशी रहेंगे। टीमों के पास 262.95 करोड़ रुपए बाकी हैं, हर टीम का पर्स इस बार 100 करोड़ रुपए का रहेगा। ऑक्शन में 25 प्लेयर्स की बेस प्राइस 2 करोड़ रुपए है, इनमें ऑस्ट्रेलिया के 7 और भारत के 4 खिलाड़ी हैं। ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस, ट्रैविस हेड, मिचेल स्टार्क, जोश हेजलवुड, स्टीव स्मिथ, जोश इंग्लिस और सीन एबॉट की बेस प्राइस 2 करोड़ रुपए है। भारतीयों में हर्षल पटेल, केदार जाधव, शार्दूल ठाकुर और उमेश यादव की बेस प्राइस सबसे ज्यादा है। इनके अलावा 20 प्लेयर्स की बोली 1.50 करोड़ और 16 प्लेयर्स की बोली 1 करोड़ रुपए से शुरू होगी। बाकी 1105 प्लेयर्स की बेस प्राइस 20 से 95 लाख रुपए के बीच है।

विजय मर्चेंट ट्रॉफी : बंगाल ने हैदराबाद के खिलाफ हासिल की बढ़त

कोलकाता, 3 दिसंबर। अवरादीप बिस्वास (34 रन पर पांच विकेट) के पंजे की मदद से बंगाल की अंडर 16 टीम ने विजय मर्चेंट ट्राफी के मुकाबले में शनिवार को हैदराबाद के खिलाफ पहली पारी में 48 रन की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर ली। सूरत में खेले गये मैच में बंगाल ने पहले खेलते हुये 186 रन बनाये जिसके जवाब में हैदराबाद की पूरी टीम 138 रन ही बना सकी। हैदराबाद को कम स्कोर पर समेटने में बंगाल के गेंदबाजों की भूमिका अहम रही। विस्वास के अलावा अनिर्बान सरमा (2-21), धनविन निमावत (2-30) और शिवम भारती (1-19) ने गेंद से शानदार प्रदर्शन किया। जवाब में, बंगाल ने अपनी दूसरी पारी में दूसरे दिन स्टंप्स तक दो विकेट पर 65 रन बना लिए हैं और उसकी कुल बढ़त अब तक 113 रन की हो चुकी है। अंकित चटर्जी (नाबाद 40) और कप्तान आशुतोष कुमार (नाबाद 19) क्रीज पर नाबाद थे।

यूनिटी कालेज के कायम व लारैब ने लगायी स्वर्ण हैट्रिक

लखनऊ, 3 दिसंबर। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ स्थित यूनिटी कालेज में आयोजित स्पोर्टस डे में शनिवार को सीनियर वर्ग में कायम अब्बास जैदी ने 100, 200 व 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक और शॉटपुट में रजत पदक हासिल किया जबकि लारैब ने 800, 1500 मीटर दौड़ और लॉग जम्प में स्वर्ण जीते। शॉटपुट में युसूफ को मात्र एक स्वर्ण की सफलता मिली। इसके साथ ही जूनियर एवं सीनियर वर्ग के विद्यार्थियों ने 100 मीटर रेस फाइनल, सीनियर विद्यार्थियों ने 100 वर्ग मीटर गुणे 4 रिले रेस, सीनियर एवं जूनियर कक्षा के विद्यार्थियों ने 200 मीटर फाइनल रेस एवं शारीरिक सौष्ठव, अनुशासन एवम समन्वय का प्रदर्शन करते हुये विद्यार्थियों ने पिरामिड्स एवं जिमनास्टिक का अद्भुत प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया।

तैजुल के प्रहार से कीवी ढेर, बांग्लादेश 150 रन से जीता

सिलहट, 3 दिसंबर। तैजुल इस्लाम (75 रन पर छह विकेट) की कातिलाना गेंदबाजी की बदौलत बांग्लादेश ने आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिये दो मैचों की श्रृखंला के पहले टेस्ट में शनिवार को न्यूजीलैंड को 150 रनों के बड़े अंतर से हरा दिया। बांग्लादेश ने पहली पारी में नौ विकेट पर 310 रन बनाये थे जिसके जवाब में मेहमान टीम पहली पारी में 317 रन बना कर आउट हो गयी थी। पहली पारी में सात रन से पिछड़ी बांग्लादेश ने कप्तान नजमुल शन्तो (105) की शतकीय पारी की मदद से दूसरी पारी में 338 रन का स्कोर खड़ा किया जबकि बाद में तैजुल इस्लाम ने छह कीवी बल्लेबाजों को आउट कर न्यूजीलैंड का पुलिंदा 181 रन पर बांध दिया। पहली पारी में शतकवीर केन विलियम्सन (11) का बल्ला दूसरी पारी में नहीं चला। उनको तैजुल ने पगबाधा आउट किया। डैरिल मिचेल (58) ने हालांकि मेजबान गेंदबाजों का बहादुरी से सामना किया मगर उनका विकेट भी तैजुल ने उखाड़ा। हार के मुहाने पर खड़ी न्यूजीलैड के लिये अनुभवी गेंदबाज टिम साउदी ने 34 रन की ताबड़तोड़ पारी से दर्शकों को मनोरंजन किया।

भारतीय ओपनर्स 33 रन पर पवेलियन लौटे, गायकवाड़ भी आउट, ड्वारशस को विकेट

नई दिल्ली, 3 दिसम्बर। बेंगलुरु भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चल रही टी-20 सीरीज का 5वां और आखिरी मुकाबला बेंगलुरु में खेला जा रहा है। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया है।

टीम इंडिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 ओवर में 2 विकेट पर 42 रन बना लिए हैं। श्रेयस अय्यर और सूर्यकुमार यादव क्रीज पर हैं। ऋतुराज गायकवाड 10 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें बेन ड्वारशस ने जेसन बेहरनडर्फ के हाथों कैच कराया। गायकवाड दूसरी बार लेफ्ट ऑर्म पेसर की बॉल पर आउट हुए हैं। इससे पहले, जेसन बेहरनडर्फ ने यशस्वी जायसवाल (21 रन) को आउट किया।

भारतीय की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम ने पावरप्ले में 42 रन बनाने में यशस्वी जायसवाल और ऋतुराज गायकवाड के विकेट गंवा दिए। इस जोड़ी ने धीमी शुरुआत की। ऐसे में जायसवाल ने कुछ बड़े शॉट खेले, लेकिन ज्यादा देर तक बल्लेबाजी नहीं कर सके। वे 21 रन के निजी स्कोर पर जेसन बेहरनडर्फ का शिकार बने, अगले ही ओवर में बेन ड्वारशस ने ऋतुराज गायकवाड को चलता कर दिया।

दोनों टीमें एक-एक बदलाव के साथ उतरी हैं। तेज गेंदबाज दीपक चाहर की जगह अर्शदीप सिंह को प्लेइंग

इलेवन में शामिल किया गया है, जबकि ऑस्ट्रेलियाई टीम में क्रिस ग्रीन की जगह नॉथन एलिस को मौका मिला है। भारत: सूर्यकुमार यादव (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, ऋतुराज गायकवाड, श्रेयस अय्यर, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, मुकेश कुमार और आवेश खान।

ऑस्ट्रेलिया: मैथ्यू वेड (कप्तान/विकेटकीपर), जोश फिलिप, ट्रैविस हेड, बेन मैक्डरमॉट, आरोन हार्डी, टिम डेविड, मैथ्यू शॉर्ट, नॉथन एलिस, बेन ड्वारशस, जेसन बेहरनडर्फ और तनवीर सांघा। बेंगलुरु में टीम इंडिया के पास ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहली बार एक टी-20 सीरीज में 4 मैच जीतने का मौका होगा। भारत फटाफट क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक सीरीज में 3 से ज्यादा मुकाबले नहीं जीत सका है। हालांकि, मैदान के आंकड़े कंगारुओं के पक्ष में हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने यहां एक भी टी-20 मैच नहीं गंवाया है। लिहाजा मेहमान टीम आखिरी मैच को जीतकर हार के अंतर को कम करना चाहेगी।

भारतीय टीम हेड-टु-हेड रिकॉर्ड में ऑस्ट्रेलिया से आगे है। दोनों के बीच अब तक 30 टी-20 इंटरनेशनल खेले गए हैं। इनमें से 18 भारतीय टीम ने जीते हैं, जबकि 11 मैचों के नतीजे कंगारुओं के पक्ष में रहे हैं। एक मैच नो रिजल्ट रहा है। वेन्यू के हेड-टु-हेड में ऑस्ट्रेलियाई टीम भारत पर हावी है। टीम ने यहां अपने दोनों टी-20 जीते हैं। जबकि भारतीय टीम इस मैदान पर 6 में से 3 टी-20 मैच हार चुकी है। यह इंडिया का इकलौता होम ग्राउंड है, जहां भारतीय टीम ने 3 टी-20 मैच गंवाए हैं और 2 जीते हैं।

राष्ट्रीय ट्रैक साइकिलिंग में यूपी के खालिद ने जीता स्वर्ण

लखनऊ, 3 दिसंबर । झारखंड के रांची में संपन्न राष्ट्रीय ट्रैक साइकिलिंग प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के सैयद खालिद बागी ने सब जूनियर बालक वर्ग की 500 मीटर टाइम ट्रायल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है।

उत्तर प्रदेश साइकिलिंग एसोसिएशन के महासचिव आरके गुप्ता ने शनिवार को यहां बताया कि 30 नवंबर से चार दिसंबर तक आयोजत चैंपियनशिप में मुरादाबाद के सैयद खालिद बागी ने 00:34.929 सेकेंड का समय निकालते हुए स्वर्णिम सफलता हासिल की। इस स्पर्धा में झारखंड के विकास को 00:35.590 सेकेंड के समय के साथ रजत और झारखंड के ही नारायण महतो को 00:35.845 के समय के साथ कांस्य पदक पदक मिला। सैयद खालिद की सफलता पर यूपी साइकिलिंग एसोसिएशन के चैयरमैन धीरेंद्र सिंह सचान, अध्यक्ष राम सकल गुर्जर, लखनऊ ओलंपिक संघ के संयुक्त सचिव डॉ.आनंद किशोर पांडेय व लखनऊ साइकिलिंग एसोसिएशन के सचिव अनुराग बाजपेई ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच जूनियर विश्व कप में बेल्जियम को 2-3 से हारी

सैंटियागो, 3 दिसंबर। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम को एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2023 में अपने तीसरे और अंतिम पूल मुकाबले में बेल्जियम के खिलाफ 3-2 से हार का सामना करना पड़ा। भारत की ओर से अन्नू ने (47 वें, 51 वें मिनट में दो गोल किए, जबकि नोआ श्रेउर्स ने पांच वें फ्रांस डी मोट ने 42 वें और एस्ट्रिड बोनामी ने 52 वें मिनट ने बेल्जियम के लिए एक-एक गोल किया। शुरुआती पेनाल्टी कॉर्नर हासिल करने के बावजूद भारत इसे गोल में तब्दील नहीं कर सका। नोआ श्रेउर्स के पांचवें मिनट मे किए गए मैदानी गोल ने बेल्जियम को शुरुआती बढ़त दिलाई। भारत ने दूसरे क्वार्टर में आक्रामक रुख अपनाया। फिर भी, बेल्जियम की मजबूत रक्षा ने भारत के प्रयासों को विफल कर दिया, जिससे हाफटाइम तक उनकी 1-0 की बढ़त बरकरार रही और दूसरा क्वार्टर गोलरहित समाप्त रहा 1 बेल्जियम ने तीसरे क्वार्टर में बेल्जियम अंतत: फ्रांस डी मोट के 42 वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को कुशलतापूर्वक गोल में बदलते हुए बढ़त कर दिया।

अंतिम क्वार्टर में, भारत ने तत्काल आक्रामक शुरुआत की, जिससे मैच का पहला गोल अन्नू (47) ने पेनल्टी कॉर्नर से किया, जिससे अंतर कम हो गया। इस सफलता से सशक्त होकर, भारत ने अपने हमले तेज कर दिए, जिसके परिणामस्वरूप एक महत्वपूर्ण पेनल्टी स्ट्रोक मिला, जिसे अन्नू (51) ने शांति से गोल में बदल दिया, जिससे स्कोर बराबर हो गया। लेकिन, कुछ क्षण बाद, बेल्जियम को भी पेनल्टी स्ट्रोक दिया गया, जिसे एस्ट्रिड बोनामी (52) ने भारत के गोलकीपर के पास से छकाते हुए अपनी टीम को फिर से बढ़त दिला दी, और अंतत: 3-2 से हार का सामना करना पड़ा। भारत पूल सी में तीन अंकों के साथ अंक तालिका में दूसरे स्थान पर है और तीसरे स्थान पर मौजूद जर्मनी की तुलना में बेहतर गोल-अंतर है।

प्रगनाननंदा 12 साल की उम्र में बने थे ग्रैंडमास्टर

नई दिल्ली, 3 दिसम्बर। ग्रेडमास्टर आर. प्रगनाननंदा और उनकी बहन वैशाली रमेशबाबू ने अनूठा इतिहास रचा है। वैशाली स्पेन में एललोब्रेगेट ओपन के दौरान 2500 रेटिंग को पार कर भारत की तीसरी महिला ग्रैंडमास्टर बन गईं। इस उपलब्धि के साथ वैशाली और उनके छोटे भाई प्रगनाननंदा इतिहास में दुनिया की पहली ग्रैंडमास्टर भाई-बहन की जोड़ी बन गए हैं।

साथ ही दोनों भाई-बहन ग्रैंडमास्टर बनने के बाद कैडेट्स भी बन गए हैं। दोनों अब वर्ल्ड चेस चैम्पियनशिप खिताब में शामिल हो सकते हैं। इससे पहले भारत की कोनेरू हंपी और हारिका द्रोणावली महिला ग्रैंडमास्टर रह चुकी हैं। ग्रैंडमास्टर बनने के बाद उत्साहित वैशाली का कहना है कि मैं खिताब हासिल करने से काफी खुश हूं। वैशाली ने कहा कि जब से मैंने शतरंज खोलना शुरू किया था, तब मैं ग्रैंडमास्टर बनने का सपना देखती थी।

अब ये पूरा हो गया है। अभी मेरा फोकस एललोब्रेगेट ओपन टूर्नामेंट जीतने पर है। 18 साल के प्रगनाननंदा ने 12 साल की उम्र में जबकि वैशाली ने 22 साल की उम्र में ग्रैंडमास्टर का खिताब पाया है। भाई-बहन की यह जोड़ी शतरंज ओलिंपियाड में डबल ब्रॉन्ज और एशियाई खेलों में डबल सिल्वर मेडल भी जी चुकी है। कोच रमेश का कहना है कि दोनों भाई-बहन रोज 8 घंटे प्रैक्टिस करते हैं। प्रगनाननंदा की बड़ी बहन वैशाली ने भी छोटी उम्र से ही शतरंज खेलना शुरू किया था। घर में बहन वैशाली को खेलता देख प्रगनाननंदा की भी शतरंज के प्रति रुचि बढ़ी। वैशाली ने ही छोटे भाई प्रगनाननंदा को शतरंज की बारीकियां सिखाईं।

वैशाली एक इंटरव्यू में बताती हैं- जब मैं करीब 6 साल की थी, तो बहुत कार्टून देखती थी। मुझे से दूर करने के लिए पेरेंट्स ने मेरा नाम शतरंज और ड्रॉइंग की क्लास में लिखा दिया। बहन को चेस खेलता देख प्रगनाननंदा भी उससे प्रेरित हुए और महज 3 साल की उम्र में शतरंज सीखने लगे। उन्होंने चेस की कोई क्लास नहीं ली और अपनी बड़ी बहन से खेलना सीखा। प्रगनाननंदा का जन्म 10 अगस्त, 2005 को चेन्नई में हुआ।

उनके पिता स्टेट कॉर्पोरेशन बैंक में काम करते हैं, जबकि मां नागलक्ष्मी एक हाउसवाइफ हैं। उनकी एक बड़ी बहन वैशाली आर हैं। वैशाली भी शतरंज खेलती हैं। प्रगनाननंदा का नाम पहली बार चर्चा में तब आया, जब उन्होंने 7 साल की उम्र में वर्ल्ड यूथ चेस चैम्पियनशिप जीत ली। तब उन्हें फेडरेशन इंटरनेशनल डेस एचेक्स मास्टर की उपाधि मिली। वे 12 साल की उम्र में ग्रैंडमास्टर बन गए और सबसे कम उम्र में यह उपाधि हासिल करने वाले भारतीय बने। इस मामले में प्रगनाननंदा ने भारत के दिग्गज शतरंज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद का रिकॉर्ड तोड़ा।

रेणुका की भारत की महिला टीम में वापसी

मुंबई, 3 दिसंबर। आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले मुकाबलों के लिये भारतीय महिला टीम में तेज गेंदबाज रेणुका सिंह की वापसी हुयी है। इंग्लैंड के ख़िलाफ़ टी20 और टेस्ट सीरीज़ खेलने के बाद भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के ख़िलाफ़ एकमात्र टेस्ट खेलेगी। इन दो टेस्ट मैचों के दौरान रेणुका, इशाक के साथ-साथ जेमिमाह रॉड्रिग्स भी टेस्ट डेब्यू कर सकती हैं। यह 2014 के बाद भारतीय ज़मीन पर पहला महिला टेस्ट होगा। यह मिताली राज और झूलन गोस्वामी के संन्यास लेने के बाद भी भारत के लिए पहला टेस्ट है और हरमनप्रीत कौर पहली बार टेस्ट टीम की अगुवाई करेंगी।

क्रिकइंफो के अनुसार श्रेयांका डब्ल्यूपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से जुड़ी थीं। वह सीपीएल में खेलने वाली पहली भारतीय महिला थीं और उन्होंने टूर्नामेंट में सर्वाधिक विकेट लिए। फ़िलहाल वह इंग्लैंड ए के ख़िलाफ़ इंडिया ए के लिए टी20 सीरीज़ खेल रही हैं। बाएं हाथ की स्पिनर इशाक़ डब्ल्यूपीएल में मुंबई इंडियंस का हिस्सा थीं और 15 विकेट लेकर वह टूर्नामेंट की दूसरी सबसे सफल गेंदबाज़ बनीं।

इंग्लैंड के ख़िलाफ़ टी20 सीरीज़ के लिए भारतीय टीम: हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मांधना (उपकप्तान), जेमिमाह रॉड्रिग्स, शेफ़ाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, श्रेयांका पाटिल, मन्नत कश्यप, सैका इशाक़, रेणुका सिंह, तितास साधु, पूजा वस्त्रकर, कनिका आहूजा, मिन्नू मणि।

इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के ख़िलाफ़ टेस्ट टीम: हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मांधना (उपकप्तान), जेमिमाह रॉड्रिग्स, शेफ़ाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), स्नेह राणा, शुभा सतीश, हरलीन देओल, सैका इशाक़, रेणुका सिंह, तितास साधु, पूजा वस्त्रकर, मेघना सिंह, राजेश्वरी गायकवाड़।

सैयद मोदी बैडमिंटन चैम्पियनशिप में जापान का दबदबा

लखनऊ, 3 दिसंबर। सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल बैडमिंटन चैपियनशिप एचएसबीसी वर्ल्ड टुअर सुपर 300 के सेमीफाइनल में शनिवार को जापान का दबदबा देखने को मिला। महिला एकल के सेमीफाइनल में पूर्व विश्व नंबर वन जापान की नोजोमी ओकुहोरा ने हमवतन तीसरी वरीय अया ओहारी के खिलाफ 21-19, 22-20 की जीत से फाइनल में जगह बनाई वहीं पुरुष सिंगल्स के पहले सेमीफाइनल में जापान के केंटा निशिमोटो ने फ्रांस के एलेक्स लैनियर को एक रोमांचक मुकाबले में 21-17, 13-21, 21-17 से हराया।

मिक्स डबल्स के सेमीफाइनल में जापानी जोडी यूकी कनेको व मिसाकी मत्सुतोमो ने मलेशिया की हू पैंग रॉन व चेंग सु यिन (मलेशिया) को 17-21, 21-5, 21-17 से हरा दिया। महिला डबल्स सेमीफाइनल में तीसरी वरीय रिन इवांगा व की नाकानिशी (जापान) ने स्टियाना मापासा व एंजेला यू (ऑस्ट्रेलिया) को 17-21, 21-17, 21-15 से हरा कर खिताबी मुकाबले में अपना स्थान सुरक्षित किया।

बाबू बनारसी दास बैडमिंटन अकादमी में दो लाख 10 हजार अमेरिकी डालर की इनामी राशि वाली चैंपियनशिप में महिला सिंगल्स में जापान की दोनों ही खिलाड़ियों ने उम्दा स्मैश के सहारे एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दी। पहला गेम नोजोमी ने 19-19 से बराबरी के बाद लगातार दो अंक जुटाते हुए जीता। दूसरे गेम में ओलंपिक-2016 की कांस्य विजेता व पूर्व विश्व चैंपियन नोजोमी को एशियाड-2018 की स्वर्ण विजेता अया के खिलाफ खासा जूझना पड़ा। नोजोमी ने उम्दा तकनीक के सहारे यह गेम 22-20 से जीत लिया। पुरुष सिंगल्स के पहले सेमीफाइनल में केंटा निशिमोटो ने फ्रांस के एलेक्स लैनियर को एक रोमांचक मुकाबले में 21-17, 13-21, 21-17 से हराया। पहला गेम कड़ी टक्कर के बाद केंटो निशिमोटो ने 21-17 से जीता। दूसरा गेम पूर्व जूनियर एलेक्स ने शानदार खेल दिखाते हुए 21-13 से अपने नाम कर लिया। इस दौरान दर्शकों ने अंक जुटाने पर खूब तालिया बजाई और केंटा केंटा के नारे लगाए। तीसरे व निर्णायक गेम में 12-13 से पिछड़ने के बाद केंटा ने वापसी की और तीसरा गेम 21-17 से जीतते हुए फाइनल में प्रवेश किया। जीत के बाद जापानी खिलाड़ी ने शटल कॉक एक बच्चे को गिफ्ट में दे दी।

मिक्स डबल्स का फाइनल जापान की पांचवी वरीय यूकी कनेको व मिसाकी मत्सुतोमो और दूसरी वरीय डेजन फर्डिनन्स्याह व ग्लोरिया इमानुएल विजाजा के बीच खेला जाएगा। पहले सेमीफाइनल में यूकी कनेको व मिसाकी मत्सुतोमो ने मलेशिया की हू पैंग रॉन व चेंग सु यिन (मलेशिया) को 17-21, 21-5, 21-17 से और दूसरे सेमीफाइनल में डेजन व ग्लोरिया ने जर्मनी के मार्क लैम्सफस व इसाबेल को 21-19, 19-21, 22-20 से हराया।

प्रियांशु की हार, जापानी खिलाड़ियों का दबदबा

लखनऊ, 03 दिसंबर। चीनी ताइपे के ची यू जेन ने अपने तगड़े व दमदार स्मैश और तेज सर्विस के प्रदर्शन की बदौलत सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल बैडमिंटन चैपियनशिप एचएसबीसी वर्ल्ड टुअर सुपर 300 में पुरुष सिंगल्स सेमीफाइनल में भारत के युवा स्टार प्रियांशु राजावत की चुनौती को थामकर फाइनल में जगह बना ली। बाबू बनारसी दास बैडमिंटन अकादमी में दो लाख दस हजार अमेरिकी डालर की इनामी राशि वाली चैंपियनशिप के एकल वर्ग के सेमीफाइनल में चीनी ताइपे के खिलाड़ी ने 74 मिनट चले मुकाबले में 18-21, 21-14, 21-17 से जीत दर्ज की। वहीं हार के बावजूद प्रियांशु ने दर्शकों का दिल जीत लिया। नीय दर्शकों के भरपूर समर्थन के बीच प्रियांशु ने पहला गेम कड़ी टक्कर के बाद 21-18 से जीत लिया। दूसरा गेम ची यू जेन ने झन्नाटेदार स्मैश के सहारे 21-14 से जीत लिया। तीसरे गेम में प्रियांशु ने 11-9 से पिछड़ने के बाद कुछ गलतियां की। ओरलियांस मास्टर-2023 के विजेता व 2022 में थामस कप की विजेता भारतीय टीम के सदस्य रहे प्रियांशु राजावत ने वापसी की पूरी कोशिश की लेकिन चीनी ताइपे के खिलाड़ी ने यह गेम 21-17 से जीतते हुए फाइनल में प्रवेश कर लिया। गौरतलब है कि के.श्रीकांत, बी.साई प्रणीत व समीर वर्मा की पहले राउंड से विदाई के बाद प्रियांशु पर एकल में भारतीय उम्मीदों का दारोमदार था। उधर, पुरुष सिंगल्स के पहले सेमीफाइनल में दूसरी वरीय जापान के केंटा निशिमोटो (जापान) ने फ्रांस के एलेक्स लैनियर को एक रोमांचक मुकाबले में 21-17, 13-21, 21-17 से हराया। उनकी फाइनल में टक्कर चीनी ताइपे के ची यू जेन से होगी। दूसरी ओर इस चैंपियनशिप में जापानी खिलाड़ियों में से महिला सिंगल्स में नोजोमी ओकुहोरा, मिक्स डबल्स में यूकी कनेको व मिसाकी मत्सुतोमो, पुरुष सिंगल्स में केंटा निशिमोटो और महिला डबल्स में तीसरी वरीय रिन इवांगा व की नाकानिशी फाइनल में पहुंच गई। महिला सिंगल्स सेमीफाइनल में पूर्व विश्व नंबर वन जापान की नोजोमी ओकुहोरा ने जापान की ही तीसरी वरीय अया ओहारी के खिलाफ 21-19, 22-20 की जीत से फाइनल में जगह बनाई। नोजोमी की अब महिला सिंगल्स के फाइनल में पांचवीं वरीय डेनमार्क की लेन हाजमार्क केजरफेल्ड से टक्कर होगी जिन्होंने दूसरे सेमीफाइनल में चीनी ताइपे की छठीं वरीय वेन ची सूई को 14-21, 21-17, 16-21 से हराया।

मोहन बागान सुपर जाइंट ने आईएसएल में हैदराबाद एफसी को 2-0 से हराया

भुवनेश्वर, 3 दिसंबर। मोहन बागान सुपर जाइंट ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में दूसरे हाफ में किए गए दो गोलों की बदौलत हैदराबाद एफसी को 2-0 से हरा दिया। मेरिनर्स को इस हफ्ते की शुरुआत में घरेलू मैदान पर ओडिशा एफसी के खिलाफ 5-2 से हार का सामना करना पड़ा। हैमिल ने 85वें मिनट में स्कोरिंग की शुरुआत की, और राय ने 96वें मिनट में गोल कर मेरिनर्स की जीत पक्की कर दी, इस टूर्नामेंट में मोहन बागान सुपर जायंट की पांचवीं जीत है। हैदराबाद एफसी अपना अगला मुकाबला 10 दिसंबर को गुवाहाटी में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी से खेलेगी, जबकि मोहन बागान सुपर जाइंट छह दिसंबर को साल्ट लेक स्टेडियम में ओडिशा एफसी से भिड़ेगी। हैदराबाद एफसी के थांगबोई सिंग्नल ने कहा, मोहन बागान के बारे में बोलते हुए, मुझे लगता है कि यह सितारों की टीम है, लेकिन मैंने ओडिशा एफसी के खिलाफ उनका मैच देखा और मुझे लगता है कि यह उनके साथ खेलने का अच्छा समय है। उनके पास बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं, शुरुआत में भी और बेंच पर भी।

रिंकू सिंह ने बताया लंबे सिक्सर्स का राज : जिम ट्रेनिंग से मिली लंबे शॉट खेलने की स्ट्रेंथ

रायपुर, 3 दिसम्बर। टीम इंडिया के युवा बल्लेबाज रिंकू सिंह भले ही लंबी-चौड़ी कदकाठी के न हों, लेकिन वे लंबे-लंबे छक्के जमाने की काबिलियत रखते हैं। ऑस्ट्रेलिया के साथ चल रही टी-20 सीरीज के चौथे मुकाबले में 158 के स्ट्राइक रेट से 46 रन की पारी खेलने वाले रिंकू ने अपनी पावर हिटिंग के राज खोले। मैच के बाद टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा के साथ बातचीत में रिंकू ने कहा कि जिम में वेट ट्रेनिंग करने से उन्हें बड़े शॉट्स खेलने की स्ट्रेंथ मिली। साथ ही उन्होंने आखिरी के ओवर्स में दिमाग को कूल रखकर बैटिंग करने की अपनी क्षमता का श्रेय को दिया है। मैच के बाद जितेश ने रिंकू से पूछा कि वे 100-100 मीटर के छक्के कैसे लगा लेते हैं। इसके जवाब में रिंकू ने कहा- कुछ खास नहीं। आपको पता है मैं आपके साथ ही जिम करता हूं। अच्छा खाना खाता हूं। मुझे वेट उठाने का बड़ा शौक है तो इससे नेचुरल पावर आई है मेरे पास। चाहे जिम हो या ड्ग्राउंड, रिंकू अपनी वेट ट्रेनिंग के लिए साथी खिलाड़ियों में मशहूर हैं। वे दिन में 2 से 3 घंटे एक्सरसाइज करने में बिताते हैं। जितेश ने रिंकू ने आगे पूछा- आपको देखकर लगता नहीं है कि आप पहली सीरीज खेल रहे हैं। चौथे मैच में मैं खुद जब बैटिंग के लिए पहुंचा तो प्रेशर फील कर रहा था। आपने मुझसे शांत होकर खेलने को कहा। दबाव झेलना कैसे सीखा? इस पर रिंकू ने कहा- मैं 5-6 साल से में खेल रहा हूं। काफी चुनौतीपूर्ण लीग है। वहीं से मुझे हर तरह की सिचुएशन को हैंडल करने की लर्निंग मिली है। अब वह लर्निंग इंटरनेशनल क्रिकेट में भी काम आ रही है। रिंकू सिंह ने चौथे टी-20 में 29 गेंदों पर 4 चौके और 2 छक्कों की मदद से 46 रन बनाए। इनमें से एक छक्का 100 मीटर का था। इसी मैच में जितेश ने 19 गेंदों पर 35 रन बनाए।